राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 20.00 संख्या 540
सुपर हीरो
सुपर कमांडो ध्रुव

नागराज के उपलब्ध कॉमिक

- ♣ नागराज
- ♣ नागराज की कब्र
- ♣ नागराज का बदला
- ♣ नागराज की हांगकांग यात्रा
- ♣ नागराज और शांगो
- ♣ खूनी खोज
- ♣ खूनी यात्रा
- ♣ नागराज का इंसाफ
- ♣ खूनी जंग
- ♣ प्रलयंकारी नागराज
- ♣ खूनी कबीला
- ♣ कोबरा घाटी
- ♣ बच्चों के दुश्मन
- ♣ प्रलयंकारी मणि
- ♣ शंकर शंहशाह
- ♣ नागराज का दुश्मन
- ♣ इच्छाधारी नागराज
- ♣ नागराज और कालदूत
- ♣ नागराज और जादूगर शाकूरा
- ♣ नागराज और बौना शैतान
- ♣ नागराज और ताजमहल की चोरी
- ♣ नागराज और लाल मौत
- ♣ नागराज और काबुकी का खजाना
- ♣ नागराज और थोडांगा
- ♣ नागराज और तूफान-जू
- ♣ नागराज और जादू का शहंशाह
- ♣ नागराज और अजगर का तूफान
- ♣ बकोरा का जादू
- ♣ पिरामिडों की रानी
- ♣ नागराज और मिस्टर 420
- ♣ थोडांगा की मौत
- ♣ नागराज और बेमबेम बिगेलो
- ▲ नागराज और सुपर कमांडो ध्रुव
- ▲ नागराज और नगीना का जाल
- ▲ फिर आया नागदंत
- ▲ नागराज और नगीना
- ▲ नागराज और बुगाकू
- ▲ नागराज और मिस किलर
- ▲ विजेता नागराज
- ▲ विसर्पी की शादी
- ▲ शाकूरा का चक्रव्यूह
- ▲ नागराज का अंत
- ▲ जहर
- ▲ नागपाशा
- ▲ खजाना
- ▲ क्राइमकिंग
- ▲ विषकन्या
- ▲ स्नेक पार्क
- ▲ इच्छाधारी
- ▲ केंचुली
- ▲ जहरीले
- ▲ बांबी
- ▲ सपेरा
- ▲ फन
- ▲ नागिन
- ▲ विष-अमृत
- ▲ सम्मोहन
- ▲ राज का राज
- ▲ मृत्युदंड
- ▲ नागद्वीप
- ▲ त्रिफना
- ▲ महायुद्ध
- ▲ अग्रज
- ▲ नागराज का कहर
- ▲ तांडव
- ▲ आतंक
- ▲ दुश्मन नागराज
- ▲ शक्तिहीन नागराज
- ▲ नहीं बचेगा नागराज
- ▲ कालचक्र
- ▲ कुंडली
- ▲ ऐलान-ए-जंग
- ▲ काली मौत
- ▲ नागराज अमेरिका में
- ▲ आतंकवादी नागराज
- ▲ विषहीन नागराज
- ▲ इच्छाधारी चोर
- ● राजनगर की तबाही
- ● प्रलय
- ● विनाश
- ● तानाशाह
- ● सूरमा
- ● कलियुग
- ● कयामत
- ● संग्राम
- ● संहार
- ● नागराज और ड्रैकुला
- ● रक्षक नागराज
- ✤ सौडांगी
- ✤ कोहराम
- ✤ जलजला
- ✤ विध्वंस
- ✤ परकाले
- ✤ ड्रैकुला का अंत
- ✤ कोलाहल
- ✤ खलनायक
- ✤ सम्राट
- ✤ सर्व शक्तिमान

♣ इस निशान वाली कॉमिक का मूल्यः15/-

सुपर कमाण्डो ध्रुव के उपलब्ध कॉमिक

- ♣ प्रतिशोध की ज्वाला
- ♣ रोमन हत्यारा
- ♣ आदमखोरों का स्वर्ग
- ♣ स्वर्ग की तबाही
- ♣ मौत का ओलम्पिक
- ♣ समुद्र का शैतान
- ♣ बर्फ की चिता
- ♣ रूहों का शिकंजा
- ♣ लहू के प्यासे
- ♣ महामानव
- ♣ वूडू
- ♣ मुझे मौत चाहिए
- ♣ बहरी मौत
- ♣ उड़नतश्तरी के बंधक
- ♣ एक दिन की मौत
- ♣ विनाश के वृक्ष
- ♣ चैम्पियन किलर
- ♣ आखिरी दांव
- ♣ वीडियो विलेन
- ♣ पागल कातिलों की टोली
- ♣ ब्लैक कैट
- ♣ रोबो का प्रतिशोध
- ♣ दलदल
- ♣ उड़ती मौत
- ♣ चण्डकाल की वापसी
- ▲ ग्रेण्ड मास्टर रोबो
- ▲ आवाज की तबाही
- ▲ खूनी खिलौने
- ▲ किरीगी का कहर
- ▲ चुम्बा का चक्रव्यूह
- ▲ डॉक्टर वायरस
- ▲ सामरी की ज्वाला
- ▲ आत्मा के चोर
- ▲ वैम्पायर
- ▲ सुप्रीमा
- ▲ मैंने मारा ध्रुव को
- ▲ हत्यारा कौन
- ▲ सर्कस
- ▲ हत्यारी राशियां
- ▲ मौत के चेहरे
- ▲ कमांडर नताशा
- ▲ सजाए मौत
- ▲ अंधी मौत
- ▲ षड्यंत्र
- ▲ महाकाल
- ▲ खूनी खानदान
- ▲ अतीत
- ▲ जिग्सा
- ▲ ध्रुव-शक्ति
- ▲ जंग
- ▲ दुश्मन
- ▲ क्विज मास्टर
- ▲ ममी का कहर
- ▲ कमांडो फोर्स
- ▲ बौना वामन
- ▲ कालध्वनि
- ▲ शह और मात
- ▲ आया चुम्बा
- ▲ चुम्बा सम्राट
- ▲ ध्रुव हत्यारा है
- ▲ शहंशाह
- ▲ शैतान
- ▲ ध्रुव खत्म
- ▲ अंत
- ▲ दूसरा ध्रुव
- ▲ डिजिटल मास्टर
- ▲ मास्टर ब्लास्टर
- ▲ रोबॉट
- ▲ सुपर कमांडो ध्रुव
- ● ड्रैकुला का हमला
- ● निशाचर
- ✤ सम्राट

▲ इस निशान वाली कॉमिक का मूल्यः20/-
● इस निशान वाली कॉमिक का मूल्यः25/-
✤ इस निशान वाली कॉमिक का मूल्यः40/-

इसी सैट के कॉमिक

- ▲ सुपर हीरो (सुपर कमांडो ध्रुव का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ एक बटा चार (फाइटर टोड्स का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ परमाणु भगवान की जय (परमाणु विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ रोज हादसा (इंस्पेक्टर स्टील का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ मारोगे तो मरोगे (एंथोनी का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ बांकेलीला (बांकेलाल का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)

कोई भी 100/- रुपए मूल्य या अधिक की कॉमिक आप हमसे डाक द्वारा घर बैठे मंगाएं। कृपया 100/-रुपए या अधिक का मनीआर्डर राजा पॉकेट बुक्स, 330/1, बुराड़ी, दिल्ली-84. के पते पर भेजें। और अपनी मनपसंद कॉमिकों के नाम मनीआर्डर फार्म के निचले हिस्से में अपने पूरे पते के साथ साफ-साफ लिखकर भेजें।

आगामी सैट के कॉमिक

- ▲ लावा (नागराज का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ पांसा फेंक तमाशा देख (डोगा का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ पृथ्वी छोड़ भोकाल (भोकाल का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ कारकोटक (कोबी-भेड़िया का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ भारत साफ पाक साफ (तिरंगा का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)
- ▲ कोई हिल गया (गमराज का विशेषांक) (मूल्यः 20/-)

प्रकाशक : राजा पॉकेट बुक्स, 330/1 बुराड़ी, दिल्ली-110084 फोनः 27611410

दिल्ली में वितरक : नागराज नावल्टीज, 112, फर्स्ट फ्लोर, दरीबा कलां, दिल्ली-110006. फोनः 23251109, 23251092

ये किसी अवतार का नाम नहीं है और न ही किसी फरिश्ते की उपाधि। जो भी जुर्म के खिलाफ आवाज उठाएगा, जो भी अत्याचारियों के फन को कुचलेगा और जो भी न्याय का रूप धरकर अन्याय का विनाश करेगा फिर चाहे वह जो भी हो, दुनिया कहेगी कि यही है हमारा...

सुपर हीरो

कथा : जॉली सिन्हा | चित्र : अनुपम सिन्हा | इंकिंग : विनोदकुमार | सुलेख एवं रंग : सुनील पाण्डेय | सम्पादक : मनीष गुप्ता

अंतड़ियां कुचल दूंगा मैं तेरी! फाड़ दूंगा तेरा पेट!
न... न... नहीं... मैं तो...
गोली, अंतड़ियों का कीमा बना देती-
अगर वह चल पाती तो-
आर्रर्र!
कमीने कुत्ते! कोकी को काटा तूने! कोकी की रगों में खून नहीं, नशा बहता है। वैसे तो तू पांच मिनटों में अपने आप लुढ़क जाएगा! पर कोकी तुझको उतनी देर के लिए भी होश में रहने नहीं देगा!
तुझे काटकर... अरे! अरे!
ये तो पिस्तौल मेरी तरफ तान रहा है!
हिलना मत!
इसका निशाना बहुत पक्का है!
रॉबी! इसको अपना निशाना दिखाओ!
आईsss क... कौन हो तुम? क्या चाहते हो? पैसा वापस चाहिए! ले... ले जाओ! ले जाओ!
माल भी ले जाओ!
धांय
मुझे पैसा नहीं चाहिए! माल भी नहीं चाहिए!

मुझे तेरे मालिक का नाम चाहिए!
ध्रुव! म... मेरा कोई मालिक नहीं है! मैं... मैं अकेले काम करता हूं! बाहर से माल इंपोर्ट करता हूं और यहां बेच देता हूं!
रॉबी!
तेरा निशाना खराब हो रहा है रॉबी! प्रैक्टिस छूट गई है तेरी! गोली तो इसके घुटने में लगनी चाहिए थी! ताकि ये जिन्दगी भर लंगड़ाकर चले!
पर... पर तुम तो किसी की जान नहीं लेते!
जान नहीं लूंगा! पर हर झूठ पर तेरा एक अंग बेकार होता जाएगा! और फिर ये गोलियां तो रॉबी चला रहा है! मैं नहीं!
बताता हूं! बताता हूं! बस इस कुत्ते को रोको!
अरे! तेरा रॉबी तो लुढ़क गया!
यानी मेरी रगों में बहता नशीला खून अपना काम कर गया!

अब कोकी तुझको तेरे सवाल का जवाब देगा! पर पहले एक जवाब तुझको देना पड़ेगा!
आखिर तू ये मानने को तैयार क्यों नहीं है कि मैं अकेले काम करता हूं। मेरा कोई बॉस नहीं है। कोई मालिक नहीं है!
धड़ाक
वैसे तो तेरे सवाल का जवाब देने की मुझे कोई जरूरत नहीं है! लेकिन मैं जवाब दूंगा! जरूर दूंगा!
और वह सिर्फ इसलिए ताकि शायद मेरा जवाब सुनकर तू यह समझ ले कि तुझे झूठ बोलने से कोई फायदा नहीं होने वाला है! इंटरपोल वालों ने तुमको ड्रग्स भेजने वाले तुम्हारे यूरोपीय बाप चिंकारा को पकड़ लिया है! उसने अपने हर देश के खरीदार के बारे में विस्तार से बताया है!
और उसने अपने हिन्दुस्तानी कॉन्टेक्ट के बारे में बताया है कि वह अंग्रेजी लहजे में बोलने वाला कोई पढ़ा लिखा इंसान है जो अपनी शक्ल छुपाकर रखता है! चिंकारा ने उसकी शक्ल कभी नहीं देखी!
पर तुझको देखकर तो एक बच्चा भी यह समझ सकता है कि तू न तो पढ़ा लिखा है और न ही तुझको अंग्रेजी की एक लाइन भी ठीक से बोलनी आती होगी!
इसीलिए मेरा समय खराब मत कर!
बता, कौन देता है तुझको ड्रग्स?

उसका... उसका नाम मैं नहीं जानता! वो तो... वो तो...
याद रख! मैं जानता हूं कि तू मौत से नहीं डरता! पर तू एक चीज से जरूर डरता है!...
...और वह है डर! और तू यह अच्छी तरह से जानता है कि वह डर किस चीज का है! अगर कभी मेरा या इस जगह का जिक्र भी तेरी जुबान पर आया तो मैं तेरी जिन्दगी को मौत से बदतर बना दूंगा!
चुप क्यों हो गया कोकी! बोलता जा वर्ना मुझे तेरा 'प्ले' का बटन दबाना पड़ेगा! घूंसे से!
नहीं बताऊंगा मैं! कुछ भी नहीं बताऊंगा मैं! वर्ना... वर्ना वह मुझको तब तक तड़पाएगा, जब तक मैं तंग आकर खुद नहीं मर जाता!
ये... ये क्या? जहर का इंजेक्शन क्यों लगा लिया तुमने?
ये जहर का इंजेक्शन नहीं...
...हेलोरा हेरोइन का इंजेक्शन है ये! सुपर प्योर हेरोइन का इंजेक्शन! रगों में जाते ही ये सुपर पॉवर देता है! ...इंसान में एक हाथी जितनी ताकत आ जाती है!
गुर्र्र्र

और इतनी ताकत तुझे कुचलने के लिए जरूरत से कहीं ज्यादा है!
आSSSह!
इतनी प्योर हेरोइन का इंजेक्शन इसको जान से भी मार सकता है। और यह बात ये जानता है! फिर भी इसने इस इंजेक्शन को लगाया!
वह भी सिर्फ इसलिए ताकि मैं इससे सच को न उगलवा सकूं। इसके दिल में इसके बॉस का जो डर है, वह सचमुच मौत से भी बड़ा डर है।

ये टाइटेनियम के बने हुए 'हैंडस कफ' हैं। इसको तोड़ पाना इंसानों के बस की बात नहीं है। अगर हाथ पीछे बंधे हों तब तो तोड़ पाने का सवाल ही नहीं उठता!

अब बताओ, यूं ही पिटते रहोगे या मुझको अपने बॉस का नाम बताओगे?

नाम तो तू याद कर ले सुपर कमांडो ध्रुव...

... अपने भगवान का!

ओह! ये हथकड़ी को नहीं तोड़ पाया तो इसने पूरे खंभे को ही उखाड़ लिया!

इसने हथकड़ी की चेन भी तोड़ डाली है!
कड़ाक
और अब ये खंभे का इस्तेमाल बैट की तरह कर रहा है!
आहह!
छक्कड़!
आऽऽऽह! मेरा सिर घूम रहा है!
नर्क में!
आऽऽऽह!
ओह! ये क्या हुआ? तारों के शॉर्ट होने से इस इलाके की बिजली गुल हो गई है। मेरी वजह से कितने लोगों को परेशानी हो रही है!
अब मैं तेरी आत्मा को घूमने के लिए भेज रहा हूं!
खंभे को उखाड़कर बिजली के जिन्दा तारों को सतह पर लाने के लिए मेरा शुक्रिया!
आऽऽऽह!
ये... ये अंधेरा!

लेकिन ध्रुव को जनता की ज्यादा चिन्ता नहीं करनी पड़ी-
आहा! कुछ बिल्डिंगों में जेनरेटर चालू कर दिए गए हैं! अब अंधेरा काफी कुछ छंट गया है! अब मैं अपना ध्यान कोकी से निपटने में लगा सकता हूं! इससे पहले कि वह बिजली के झॉक से संभल सके...
...मैं इसको... अरे! यह दीवार मुझ पर गिरी आ रही है!
पर कैसे?
ईंटों और प्लास्टर की मोटी पर्त ध्रुव के ऊपर गिरती चली गई-
क्योंकि इसको मैं तुझ पर गिरा रहा हूं! ये मोटी दीवार भी मेरी टक्कर के आगे खड़ी नहीं रह सकती!
जैसे तेरी हथकड़ी मेरी ताकत के आगे ठहर नहीं पाई!
और ध्रुव का शरीर मलबे के नीचे दबता चला गया-
ध्रुव के जिन्दा बचने का अब सवाल ही पैदा नहीं होता था-
हा हा हा! खत्म कर दिया मैंने सुपर कमांडो ध्रुव को! ताकत के आगे दिमाग ठहर नहीं पाया! अब तो जुर्म की दुनिया में मेरी पूजा होगी! अंडरवर्ल्ड का बादशाह बनेगा कोकी! बादशाह!

अब मेरे दिल से हर किस्म का डर निकल चुका है! हर अपराधी के दिल में सबसे बड़ा डर आज तक सुपर कमांडो ध्रुव होता था! मैंने उस डर को मार डाला है! अब छोटे-मोटे डर मेरा भला क्या बिगाड़ेंगे! अब मैं बॉस बनूंगा और साइकॉलोजिस्ट मेरा नौकर! हा हा हा! सोचकर ही दिल खुश हो गया!
ये... ये क्या? ये कार तो मेरी तरफ ही आ रही है! कौन हिम्मत कर रहा है शहंशाह-ए-जुर्म कोकी से उलझने की!
कार चालक पर नजर पड़ते ही-
कोकी का 'फोबिया' तुरन्त वापस लौट आया-
ध्रुव! ये कैसे हो सकता है? ये तो मलबे में दबकर मर गया था! ये जिन्दा कैसे हो सकता है? और अगर जिन्दा बच भी गया हो तो मलबे से बाहर कैसे आ गया?
कोकी अपने आपसे बहस करता रह गया-
और उस टक्कर ने उसको मेनहोल के खुले मुंह में पटक दिया-
आऽऽऽह! ये... ये मैं कहां आ गया हूं? कितना अंधेरा है यहां पर! मेरा दम घुट रहा है!
मैं तुझको मार डालूंगा ध्रुव! इस हरकत के लिए मैं तुझको जिन्दा नहीं छोड़ूंगा!
एक बार तो तू न जाने कैसे बच गया! पर तू बार-बार नहीं बचेगा!

मुझसे उलझकर अपनी मौत को क्यों बुला रहा है ध्रुव! रोशनी कर! मुझे यहां से निकलने दे! वर्ना तू मेरी ताकत को जानता है न? चीरकर रख दूंगा मैं तुझको!

बढ़-चढ़कर बातें मत कर कोकी! अब मैं तेरी कमजोरी को जान गया हूं!

तेरे दिल में अंधेरे का डर छुपा हुआ है! फोबिया ऑफ डार्कनेस!

तू जो कुछ भी बक रहा है डर के कारण बक रहा है!

और तेरे इस डर का पता मुझको तब चला जब शॉर्ट सर्किट के कारण कुछ मिनटों के लिए बिजली चली गई थी और अंधेरे के कारण तू डर के मारे चिल्लाने लगा था!

उस वक्त मुझे लगा था कि तू शॉक लगने के कारण ऐसा व्यवहार कर रहा है!

पर गटर के अंधेरे में पहुंचते ही मुझको ध्यान आया कि बिजली जाते ही तू अंधेरा-अंधेरा कहकर चिल्लाने लगा था!

यह पता चलते ही मैं प्लान बनाकर...

... तुझको इस अंधेरे गटर में ले आया! अब ये अंधेरा ही तुझको हराएगा! तू अपने डर से ही हारेगा!

हां हां हां! तुम... तुम सही कह रहे हो ध्रुव! मेरे इसी डर का फायदा उठाकर साइकॉलोजिस्ट ने मुझे अपना गुलाम बनाया हुआ है! मुझको यहां से बाहर निकालो! वर्ना... वर्ना ये अंधेरा मेरी जान ले लेगा!

जरूर निकालूंगा! पर तुझ पर नशे की दवा का असर खत्म हो जाने के बाद! और वह भी तब जब तू मुझको अपने बॉस साइकॉलोजिस्ट का पता बता देगा!
नहीं! ऐसा मत करो! नशे का असर खत्म होने तक तो मैं मर जाऊंगा! मुझे बचा लो! प्लीज!
अरे! मुझ पर कुछ चढ़ रहा है! कोई मुझको काट रहा है!
इसके दिमाग पर अंधेरे का डर हावी हो रहा है! अब ये कल्पना कर रहा है कि कोई इसके शरीर पर चढ़कर इसको काट रहा... आऊ!
मुझ पर भी कुछ चढ़ रहा है!
और मुझको काट भी रहा है!
यह कल्पना नहीं है! ये जरूर...
...चूहों की फौज है! मोटे चूहों की फौज जो इस गटर में रहती है और किसी भी मांसल चीज को खाने के लिए बेताब हो जाती है!
इनसे बचने का एक ही रास्ता है! ये अंधेरे में छिपकर रहना पसंद करते हैं! रोशनी होते ही ये भाग जाएंगे और रोशनी करने का सामान मेरे पास है!
सिग्नल फ्लेयर्स!
सिग्नल फ्लेयर्स की रोशनी ने चूहों को तो भागने पर मजबूर कर दिया-
लेकिन साथ ही साथ डर से अधमरे हो चुके कोकी की शक्ति भी लौटा दी-
धड़ाक
आहा!
अब मैं तुझे नहीं छोड़ूंगा ध्रुव!
फाड़ डालूंगा मैं तुझे! और इस पतले गटर में तू मुझसे बच भी नहीं पाएगा!

तभी आशा की एक किरण नजर आ गई-

ये लड़खड़ा रहा है! यानी नशे के इंजेक्शन का असर खत्म हो रहा है! अब मैं इसको दुबारा इंजेक्शन नहीं लगाने दूंगा! इसका हाथ इसकी बेल्ट में रखे नशे के इंजेक्शनों की तरफ बढ़ रहा है!

लेकिन मैं ऐसा होने नहीं दूंगा!

बेल्ट को हासिल करने के लिए कशमकश होने लगी-

लेकिन कमजोर होने के बावजूद भी कोकी में ताकत ज्यादा थी-

और इस बार जब ध्रुव, नशे के कैप्सूलों को कोकी से छीनने के लिए आगे लपका-

तो उसका रास्ता, बेल्ट के वार ने रोक लिया-

इस वार से एक फायदा हुआ। बेल्ट में रखे नशीली दवाओं के कैप्सूल चकनाचूर हो गए। अब कोकी को और नशा फिलहाल नहीं मिल सकता था-

कड़

कड़ाक

लेकिन एक नुकसान भी हुआ-

टूटे कैप्सूल से निकले नशीले पाउडरों और द्रवों ने बहते खून के रास्ते से अंदर घुसकर-

ध्रुव के शरीर में अपनी जगह बना ली-

आऽऽऽह! ये क्या हो गया? नशीली दवाइयां मेरे खून में मिलकर मेरे दिमाग तक पहुंच गई हैं और मेरा दिमाग नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है!

मैं नशे का बिल्कुल आदी नहीं हूं! इसीलिए ये दवाइयां मुझ पर और तेज असर कर रही हैं!

मेरी ताकत नहीं बढ़ी तो न सही, लेकिन ध्रुव की ताकत तो कम हो गई है! अब मेरा काम बहुत आसान हो गया है!

अरे वाह! ये तो मेरी उम्मीद से ज्यादा बढ़िया काम हो गया!

आऽऽऽह! ऐसे तो ये मुझको सचमुच मार डालेगा!

मुझको बेहोश होने से पहले इसको काबू में करने का रास्ता ढूंढ़ना होगा!

मैं इसकी ताकत की बराबरी तो जुपिटर सर्कस में हर्कुलिस चाचा द्वारा सिखाए गए दांवों से कर सकता था, पर फिलहाल मेरा चक्कर खाता हुआ सिर मुझे ऐसा नहीं करने देगा!
अब तो एक ही रास्ता है! मुझे इसके डर को फिर से जगाना होगा! फिर चाहे मेरे बहते खून की गंध पाकर चूहों की फौज मुझे नोंच खाए या नहीं!
ईस्स
पानी ने सिग्नल फ्लेयर की आग को बुझा दिया-
और घुप्प अंधेरे ने कोकी के दिमाग को फोबिया की गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया-
ओ! रोशनी चाहिए मुझे! कुछ दिख नहीं रहा है! मेरा दिल घबरा रहा है! और... और...
...ये चूहे! चूहे मुझ पर फिर से चढ़ रहे हैं! मुझे काट रहे हैं!
काट तो मुझे भी रहे हैं, लेकिन मुझे इन चूहों को नजर अंदाज करना होगा!
और दिखाई तो मुझे भी कुछ नहीं पड़ रहा है! लेकिन कोकी की चीखों से मैं इसकी स्थिति का अंदाजा लगाकर इस पर वार कर सकता हूं!
आईईई
धड़ाक
कोकी लड़खड़ाकर गिर गया है! पर मेरे पैर भी अब मेरा साथ छोड़ रहे हैं! मुझे बेहोश होने से पहले कोकी को लेकर इस गटर से बाहर निकलना है! वर्ना हम दोनों की यहीं पर कब्र बन जाएगी!
ध्रुव वह इंसान था-

जो दुश्मनों तक की जान को बचाने के लिए अपनी जान को दांव पर लगा सकता था-

कोकी का भारी वजन उसकी रफ्तार को कम कर रहा था! और उसके खुद बेहोश होकर गटर में ही गिर जाने का खतरा बढ़ता जा रहा था-

लेकिन ध्रुव ने कभी कोई इंसानी जान न लेने की कसम खाई हुई थी-

और अगर कोकी की जान गटर में रह जाने से जाती तो उसका कारण ध्रुव होता-

आऽऽऽह! मैं बाहर तो आ गया! पर अब मैं खड़ा नहीं रह सकता!

ध्रुव कहां है, यह तो किसी को खबर नहीं थी-

लेकिन कोकी के साथी घटनास्थल पर जरूर आ पहुंचे थे-

वो रहा कोकी! हम इसको इतनी देर से ढूंढ रहे थे, और ये गटर में पड़ा हुआ था!

इसको जरूर ध्रुव गटर से खींच कर बाहर लाया है! पर अब ये भी बेहोश हो गया है! यही मौका है इसको हमेशा के लिए सुला देने का! मौत की नींद में!

अभी एक गोली इसकी खोपड़ी में उतार देता हूं!

लेकिन सच्चाई की उम्र बहुत लम्बी होती है-

खबरदार जो मेरे सुपर हीरो की तरफ उंगली भी उठाई!

आऽऽऽह!

कहानी 10 पेज से जारी

वर्ना तू क्या कर लेगा... अरे! तू तो एक बच्चा है! भाग जा!
भागना तो तुम लोगों को पड़ेगा! मैंने पुलिस को खबर कर दी है! अब किसी भी समय पुलिस यहां पर आती ही होगी!
अभी तक तो नहीं आई है न! जब आएगी तो ध्रुव के साथ-साथ तेरी भी लाश उठा ले जाएगी!
और कोकी को उठाकर ले जाएंगे हम!
पिस्तौल फिर से नहीं-

लेकिन-
मैंने कहा था न कि ध्रुव की तरफ उंगली भी उठाई तो ठीक नहीं होगा!
मैं फिफ्थ डिग्री ब्लैक बेल्ट हूं!
और इसको सीखने की प्रेरणा मुझे ध्रुव से ही मिली है!

तेरी तो...
...उम्मफ्!
मुझसे बचकर दिखा! यहां तक तो तेरी किक भी नहीं पहुंच सकती है!
लेकिन टॉमी पहुंच सकता है!
टॉमी!
आईऽऽऽ
ये किस चक्कर में फंस गए हम?

अब तो पुलिस सायरन की आवाज भी सुनाई पड़ रही है! कोकी को उठा और भाग!
इस लड़के के चक्कर में पड़े तो हम सब पकड़े जाएंगे!
यही तुम लोगों के लिए ठीक होगा!
और मेरे लिए भी! जरूरत से ज्यादा बहादुरी दिखानी भी ठीक नहीं है!

शाबाश टॉमी! अगर तू दूसरे कुत्तों से इस घटना की खबर पाकर मुझको खींचता हुआ यहां न ले आता तो हम ध्रुव की मदद कभी न कर पाते!
अब तू मेरे सुपर हीरो का ध्यान रख! मैं पुलिस और हॉस्पीटल को फोन करके अभी आता हूं!
और फिर अस्पताल में-
ध्रुव के खून में कई तरह की नशीली दवाइयां मिल गई हैं! यह जल्दी ही होश में तो आ जाएगा, पर इन दवाइयों का असर इसके दिमाग पर कम से कम एक हफ्ते तक रहेगा!
इस दौरान अगर इसको कोई मानसिक आघात पहुंचा तो दिमाग पर बुरा असर पड़ सकता है!
आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि ऐसा न हो। वर्ना हम अपना सुपर हीरो खो देंगे!
वैसे मैंने प्रसिद्ध मनोचिकित्सक और ड्रग एक्सपर्ट डॉक्टर सलमानी को बुलवा लिया है! ध्रुव के होश में आते ही वे ध्रुव की 'एंटी-ड्रग थेरेपी' शुरू कर देंगे!
ओ. के. डॉक्टर! हम डॉक्टर सलमानी का इंतजार करेंगे!
और मैं इस ध्रुव को अब एक पल के लिए भी घर से बाहर नहीं जाने दूंगी! बस, बहुत भाग लिया ये गुंडों बदमाशों के पीछे!
मां का दिल, ध्रुव को फर्ज की तरफ जाने से रोकने के लिए कटिबद्ध था-
और अपराध ध्रुव को अपनी तरफ खींचने के लिए बेताब था-
लो संभालो डॉक्टर! जानते हो तुम्हारा इससे संपर्क क्यों नहीं हो पा रहा था!

क्योंकि ये ध्रुव से पिट रहा था! और वह भी गटर में! माल भी गंवा आया और दाम भी! लेकर आया है तो बस सूजा हुआ ये मुंह!
कमअक्ल है ये! इसको तो मैं सुधार लूंगा! पर तू ये बता कि अगर ये ध्रुव से पिट रहा था तो तू इसको लेकर कैसे आया? ध्रुव ने तुझको रोका क्यों नहीं?
ध्रुव कैसे रोकता? वह तो बेहोश हो गया था! उसके शरीर से नशीले पाउडरों की महक आ रही थी! जरूर कोकी की पेटी में रखी नशीली दवाइयां, ध्रुव के बदन में बहते खून में मिल गई होंगी!
ध्रुव बेहोश था! तुम दोनों के पास पिस्तौलें थीं! फिर तुमने उसे मारा क्यों नहीं?
वो... वो हमने पिस्तौलें तो तानी थीं, पर वह लड़का न जाने कहां से बीच में आ गया! वह ब्लैक बेल्ट था और फिर उसने पुलिस को भी खबर कर दी थी!
पुलिस का सायरन सुनते ही हम भाग खड़े हुए।
और ध्रुव को जिन्दा छोड़ आए! वह भी एक मामूली से लड़के के कारण! पता है वह ध्रुव हमारा कितना नुकसान कर चुका है!
हमारे तीन गोदाम तबाह कर चुका है! चार बार हमारा माल पकड़ चुका है! कंगाल कर दिया है उसने मुझे! और तुम उसको जिन्दा छोड़ आए!

डॉक्टर साइकोलोजिस्ट इसकी सज़ा तुमको जरूर देगा।
न... नहीं! नहीं! हमसे गलती हो गई। अगली बार चाहे हमारी जानें चली जाएं पर हम काम पूरा करके ही लौटेंगे। पक्का! गॉड प्रॉमिस!
वह तो तुम करोगे ही। क्योंकि आज की सजा के बाद तुम मेरी सजा के बजाय मौत को ही ज्यादा पसंद करोगे!
चलो!
न... नहीं डॉक्टर! आ... आगे बढ़े तो गोली मार दूंगा।
जरूर मारना! पर पहले ये तो देख लो कि तुम्हारे हाथ तुम्हारे काबू में हैं!...
... या मेरे काबू में! अब चलो!
क्योंकि अब तुम दोनों हिप्नोटाइज्ड हो गए हो! मेरा हुक्म मानने के लिए बाध्य हो!
मुझे पता था कि मेरी सजा से बचने के लिए तुम मुझ पर भी हमला कर सकते हो। ये एक नेचरल रिएक्शन है! इसकी सजा तुमको नहीं दूंगा।
डॉक्टर! डॉक्टर! ऐसा मत करो। तुमको पता है कि मुझको 'वर्टिगो' है। ऊंचाई का डर! मुझे... मुझे अंदर खींच लो!
प्लीज! प्लीज! प्लीज!
बाहर निकालो! बाहर निकालो मुझे डॉक्टर! माफी दे दो! ये पता होते हुए भी कि मुझको क्लास्ट्रोफोबिया है, यानी बंद जगहों से डरता हूं मैं!
फिर भी तुमने मुझको इस तीन बाई तीन के कमरे में बंद कर दिया है!
मैं मर जाऊंगा। मर जाऊंगा डॉक्टर! बचा लो मुझे!

बचा लो मुझे! बचा लो!
ध्रुव तो हमारे लिए सिरदर्द बन गया है डॉक्टर! अभी वह बेहोश है! जरूर किसी अस्पताल में होगा। मैं अभी उसका पता लगाकर उसको खत्म करके आता हूं!
तूने जो पन्द्रह कत्ल किए हैं वह तब किए थे जब तू पागल था। मैंने तेरा इलाज करके तुझे ठीक तो कर दिया है, पर शायद तेरा पागलपन अभी तक गया नहीं है!
ध्रुव को तू बेहोशी में भी मार नहीं सकता!
वह ध्रुव है ध्रुव! उसको मारना या तो मौत के बस की बात है...
... या फिर डॉक्टर साइकॉलोजिस्ट की!
इंसान को मारने का सबसे सीधा रास्ता है, उसके दिमाग को मार देना! और दिमाग को मारता है डर!
ध्रुव का दिमाग नशीली दवाइयों के असर के कारण अभी कमजोर है! किसी भी फोबिया का जरा सा झटका भी उसको मौत की नींद सुला सकता है!
लेकिन ध्रुव तो एकदम बेखौफ इंसान है! उसके दिल में तो डर का नामोनिशान तक नहीं है!
हर इंसान के दिल में कोई न कोई फोबिया होता जरूर है! और ध्रुव भी एक इंसान है! उसके दिल में छुपे डर को एक मनोवैज्ञानिक से बेहतर भला और कौन जान सकता है!
और इस दुनिया का सबसे बेहतरीन मनोवैज्ञानिक है, डॉक्टर साइकॉलोजिस्ट!
तुम उस लड़के का पता लगाओ जिसने ध्रुव को बचाया है!
और अस्पताल में-
तुम फिलहाल एकदम दुरुस्त हो ध्रुव! लेकिन नशे के मिश्रण ने तुम्हारे दिमाग को कमजोर कर दिया है!
अगर एकाएक ज्यादा जोर पड़ा तो तुम्हारा दिमाग कोमा में भी जा सकता है! इसीलिए सिर्फ एक हफ्ते तक अपराधियों का पीछा मत करना! उसके बाद तुम जो चाहे वह कर सकते हो!
मैं कोशिश करूंगा, डॉक्टर सलमानी! पर एक बात बताइए!
आप इतने सालों से मनोचिकित्सा के क्षेत्र में हैं! क्या इस दौरान आपने कभी किसी साइकॉलोजिस्ट नाम के आदमी के बारे में सुना है!

पागलों पर उल्टे सीधे और खतरनाक टेस्ट करना उसका शौक था! मना करने पर भी वह मानता नहीं था! पर हद तो तब हो गई जब उसने मनो-विज्ञान के तरीकों का सहारा लेकर हमारे 'हेड ऑफ डिपार्टमेंट' को ही पागल बना दिया।

तब मैंने उसको रोकने की ठान ली।

उसके इस अपराध के खिलाफ कोई साफ सुबूत नहीं था!

मैंने उन सुबूतों को इकट्ठा किया और साइकॉलोजिस्ट को पढ़ाई छोड़कर जेल जाना पड़ा! तब से वह मेरा दुश्मन बन गया।

उसने मुझे भी मनोवैज्ञानिक वारों से पागल बनाने की कई कोशिशें की! पर मैं उसका इरादा हर बार पहले ही भांप जाता था!

आखिर उससे तंग आकर मैंने भारत छोड़ दिया और अमेरिका जाकर बस गया!

पर अगर मेरा और तुम्हारा साइकॉलोजिस्ट एक ही है तो उसने किया क्या है?

वह 'नशे के व्यापार' का सबसे बड़ा व्यापारी बन गया है! और अगर उसको न रोका गया तो वह हमारी नौजवान पीढ़ी को खोखला कर देगा!

मैंने एक बार उसको पहले भी रोका था और इस बार भी रोकूंगा! मैं तुम्हारे साथ हूं ध्रुव!

अगले दिन-
हाईया!!! ईईईssss
परब! परब! बंद कर ये तोड़ फोड़!
डिस्टर्ब मत करो मम्मी।
अभी ध्रुव जैसा बनने के लिए मुझे तीन साल तक लगातार प्रैक्टिस करनी है!
तुझसे कोई मिलने आया है।
अभी मैं किसी से नहीं मिल सकता! अभी मैं प्रैक्टिस कर रहा हूं!
तड़ाक
मुझसे भी नहीं?
ध्रुव! व्हाट ए सरप्राईज।
मैं तुम्हारा धन्यवाद करने आया था, परब। मुझे तो यह पता भी नहीं था कि मुझे बचाने वाला मेरा एक प्रशंसक था।
प्रशंसक नहीं, दीवाना ध्रुव! मैं तो तुम्हारा दीवाना हूं! बिल्कुल तुम्हारे जैसा बनना चाहता हूं! एक एक्शन पैक्ड अपराध-विनाशक! मैं तो न जाने कितनी बार छुप-छुपकर तुम्हारे एक्शनों को देख चुका हूं!
कमाल है! पर तुम मेरी जान बचाने के लिए वहां पर कैसे पहुंच गए थे?
अपने कुत्ते टॉमी की मदद से! उसको जरूर तुम पर नजर रखने वाले कुत्तों ने कुछ बताया होगा! तभी वह मुझको खींचता हुआ घटना स्थल तक ले गया।

और वहां पर आकर मैंने वो किक चलाई, वो कराटे चाप मारे कि गुंडे भाग खड़े हुए!
मैं तुम्हारा शुक्रगुज़ार हूं परब। लेकिन एक सलाह देना चाहता हूं। बगैर सही ट्रेनिंग के तुमको इन गुंडे बदमाशों से भिड़ना नहीं चाहिए! मैं नहीं चाहता कि तुम किसी मुसीबत में पड़ो!
मुसीबतों से खेलना ही तो एक सुपर हीरो का काम है ध्रुव! जैसे तुम मुसीबतों को दूर करते हो वैसे ही एक दिन मैं भी सुपर हीरो बनकर गुंडों को खूब पीटूंगा! हियाssss
आओ! मैं तुमको एक चीज दिखाना चाहता हूं।
ये देखो!
ओऽऽऽह! क्या है यह?
मेरा सुपर हीरो कॉस्ट्यूम! मैंने खुद बनाया है इसको! अगर कभी राजनगर में ध्रुव और स्टील न हुए तो राजनगर की रक्षा करेगा... एंजिल!
एंजिल! यानी फरिश्ता! पर ये फरिश्ता होगा कौन?
वन एंड ओनली सुपर कमांडो ध्रुव का वन एंड ओनली चेला परब!
चेला! पर मैंने तो तुमको कभी कुछ नहीं सिखाया!
लेकिन मैंने तो सब कुछ तुमको देख-देखकर ही सीखा है!
अब चलो! चलो! मैं तुमको बढ़िया सा नाश्ता कराता हूं! टुडे इज माई लकी डे!

और फिर-
मैं चलता हूं परब! पर मेरी बात का ध्यान रखना! बगैर सही ट्रेनिंग लिए अपनी जान जोखिम में मत डालना! अच्छा होगा कि अगर तुम मेरे 'कमांडो फोर्स ट्रेनिंग सेंटर' को ज्वाइन कर लो!
न न न! मेरे ट्रेनर तो सिर्फ तुम हो, ध्रुव! कमांडो फोर्स वालों को तो एक दो दांव मैं खुद भी सिखा सकता हूं!
ठीक है! पर अब कभी बदमाशों के पीछे मत जाना!
चिन्ता मत करो ध्रुव! अगर जाना भी पड़ा तो मैं ऐसा सिर्फ तभी करूंगा जब ध्रुव और स्टील अपराध से लड़ना छोड़कर रिटायर हो जाएं!
और ऐसा तो कभी होगा ही नहीं! इसीलिए तुम निश्चिन्त रहो! अब कब मिलोगे?
जब भी मिलना, घर पर ही मिलना! अपराधियों से लड़ते वक्त मत मिलना!
ही ही ही हा हा हा! मिल गया उस लड़के का पता! मुझे मालूम था कि ध्रुव इस लड़के से मिलने जरूर आएगा। और वह भी ठीक होते ही! मुझको बस ध्रुव का पीछा करना था! और बॉस मुझे पागल कहता है!
अब बताओ, पागल कौन है? हां! मैं या डॉक्टर साइकोलोजिस्ट?
अब ये खुशखबरी बॉस तक भी पहुंचा दूं!
हां, डॉक्टर! मैं ध्यान से सुन रहा हूं! बताओ कि अब मुझे क्या करना है?
सबसे पहले तुझे अपने आपको वह इंजेक्शन लगाना है जो मैंने तुझको दिया है! इससे तेरे शरीर में दर्द महसूस करने की क्षमता खत्म हो जाएगी।
फिर चाहे तुझे कोई कितना भी मारे, तुझे महसूस नहीं होगा! साथ ही साथ ये दवा तेरे शरीर में 'एड्रेनलिन हारमोन' का स्तर भी बढ़ा देगी!
उससे तेरे शरीर में गैंडे सी ताकत आ जाएगी। तू टक्कर मारकर टैंक को भी पलट देगा।

फिर तू उस लड़के के घर पर तोड़-फोड़ करेगा! और जब वह सुपर हीरो तुझसे भिड़ने आएगा तो तुझे उसकी नाक के पास वह कैप्सूल फोड़ देना है जो मैंने तुझको दिया था!
फिर क्या करना है?
फिर तुझे वापस आ जाना है! मेरे पास!

अगर तू वापस आ सके तो, रफीके!
क्योंकि दो बातें मैंने तुझको नहीं बताई हैं! एक तो ये कि इंजेक्शन तुझको दर्द से मुक्ति और ताकत देने के साथ-साथ तेरा पागलपन भी वापस लौटा देगा!
फिर तू अगर जिन्दा पकड़ा भी गया तो भी तू किसी को मेरे या मेरे ठिकाने के बारे में नहीं बता पाएगा!
और दूसरी बात यह है कि तू जो कैप्सूल उस लड़के की नाक के आगे तोड़ेगा, उससे एक गैस निकलेगी! और वह गैस उस लड़के के अंदर आत्महत्या की प्रवृत्ति पैदा कर देगी!
वह तुझसे लड़ेगा! बगैर मौत की परवाह किए लड़ेगा!

और फिर जो मैं चाहता हूं वह हो जाएगा! अब मुझे बस एक काम और करना है! ध्रुव को फोन!
हैलो, हांजी! क्या मैं ध्रुव से बात कर सकता हूं!

आप कौन बोल रहे हैं? क्या बात करनी है आपको? मुझे बताइए! मैं उसकी मम्मी बोल रही हूं!
जी वो... उसके दोस्त परब को एक पागल जान से मारने की कोशिश कर रहा है! ...ठीक परब के घर के सामने!

अगर ऐसा है तो आप पुलिस को फोन करिए। और वह भी थाने में। नंबर नहीं है तो मैं बता देती हूं! नंबर है एक सौ। वन...जीरो... जीरो!

ये मदद मांग रहा है या मेरे बेटे की जान मांग रहा है! हर जगह ध्रुव जाए। फिर ये पुलिस किसलिए है! आज आने दो इनको। कस के झगड़ा करती हूं इनसे! इनकी पुलिस ठीक से काम क्यों नहीं करती है!

क्या बात है मम्मी?

किसका फोन था जिसे सुनकर तुम न जाने क्या बड़बड़ाने लगीं?

यस करीम बोलो!
कैप्टेन! परब के घर के पास कुछ गड़बड़ हो रही है! कोई पागल वहां तोड़ फोड़ कर रहा है!
स्थिति पुलिस के काबू से बाहर है!
ओफ्! मैं इस निगोड़े ट्रांसमीटर को तो भूल ही गई थी!
ध्रुव! ध्रुव!
आकर सुनूंगा मम्मी!
परब की जान खतरे में है!
अरे, तो उसको पुलिस बचाएगी! तू जानबूझकर खतरा क्यों मोल ले रहा है?
स्थिति पुलिस के काबू से बाहर है! वैसे भी परब ने अपनी जान पर खेल कर मेरी जान बचाई है मम्मी!
अगर वह मुसीबत में है तो मुझे उसको बचाना ही होगा! यह खतरा मोल लेना ही होगा!
पर सुन तो! सुन तो!
ओफ्! ये तो चला गया! कैसा लड़का है! फर्ज की आवाज के सामने मां की पुकार भी नहीं सुनता!
डोंट वरी मम्मी! भइया को कुछ नहीं होगा! मैं अभी चंडिका से कॉन्टेक्ट करती हूं! वह ध्रुव भइया की मदद करने जरूर जाएगी!
हालत किसी के भी काबू में नहीं थे-
आक्!
आक्! इसने मेटल का कवच पहन रखा है! हमारी गोलियां इस पर बेकार हैं!

बस! बहुत हो गया! अब मैं और नहीं देख सकता! ध्रुव गुरू ने मुझको मना जरूर किया था पर अपनी आँखों के सामने मैं पुलिस वालों की जानें जाते हुए नहीं देख सकता!
और फिर मुझे तुझसे यह भी तो जानना है कि तू आखिर मेरे पापा की मेहनत की कमाई से बनाए गए घर को क्यों तोड़-फोड़ रहा है!
तू कम से कम नगर महापालिका का आदमी तो नहीं लगता जो गलत बने मकान गिराने आते हैं!
तड़ाक
ही ही ही! मैं नर्क पालिका का आदमी हूं! तोड़-फोड़ में मुझे बहुत मजा आता है! मैं पागल हूं न पागल!
और तेरे घर को मैं तुझे बाहर निकालने के लिए तोड़ रहा था ताकि मैं तुझे अपने दुश्मन ध्रुव को बचाने की सजा दे सकूं! मौत की सजा! ही ही ही हा हा हा हा!
मुझे पहले ही समझ जाना चाहिए था! तेरे जैसी हरकत पागल के अलावा और कौन कर सकता है!
पर अब तू पागल खाने वापस जाने के लिए तैयार हो जा! क्योंकि ध्रुव के आने तक मैं तुझे भागने नहीं दूंगा!

भागना होता तो मैं यहां आता ही क्यों?
अब तैयार हो जा मरने के लिए! वैसे तो मैं गर्दन तोड़कर मौत देना ज्यादा पसन्द करता हूं, लेकिन तुझे गैस से मारने का आदेश मिला है मुझे!
आऽऽऽह! मुझे चक्कर आ रहे हैं! ये जरूर जहरीली गैस है! अब... मैं नहीं बचूंगा!
अरे! मैं...मरा नहीं! बल्कि मैं अब और अच्छा महसूस कर रहा हूं! मेरे शरीर में एक नई ऊर्जा दौड़ रही है! अब मुझे किसी भी चीज से डर नहीं लग रहा है! मौत से भी नहीं!
बल्कि अब मेरे अंदर बदला लेने की प्रवृत्ति जाग रही है!
चाहे मेरी जान चली जाए पर अपने दुश्मन को मैं जिन्दा रहने नहीं दूंगा!
घबरा मत लड़के! इतनी जल्दी तू नहीं मरेगा! क्योंकि तुझे तो ध्रुव के सामने मरना है और ध्रुव अभी तक आया नहीं है!
शाबाश! अब तेरे अंदर आत्महत्या की प्रवृत्ति जाग उठी है!

कहानी 35 पेज से जारी

अब तू विकट का पीछा छोड़ेगा नहीं, और विकट तुझको नहीं छोड़ेगा!

ध्रुव को मैंने कमांडो हैडक्वार्टर के जरिए खबर भिजवा दी है, अब ध्रुव भी नजदीक है और तेरी मौत भी!

क्योंकि विकट ने जो इंजेक्शन अपने आपको लगाया है उसकी वजह से उस पर पागलपन धीरे-धीरे हावी हो रहा है!

भयानक टकराव था-

एक पर आत्महत्या का जुनून सवार था-

तो दूसरे पर पागलपन का-

कोई भी दूसरे को जिन्दा छोड़ने के लिए तैयार नहीं था-

पर जो मौत से नहीं डरता मौत खुद उससे डरती है-
लेकिन तब कोई क्या करे जब दूसरा मौत को खुद ही बुला रहा हो-
परब की उस किक ने विकट के दिमाग को अंधेरे में डुबो दिया-
और फुल स्पीड से भागता ट्रक उस पुल की तरफ बढ़ता चला गया-
ओह! मैं थोड़ी देर से यहां पहुंचा हूं! परब नीचे कूदो! अब ट्रक पुल पर पहुंच गया तो कूदने की जगह भी नहीं मिलेगी! परब कूदो!
ALL INDIA Permit
ध्रुव घटनास्थल पर पहुंच तो गया था, लेकिन वह देखने के सिवाय कुछ नहीं कर सकता था-
ओफ्! ये परब कूद क्यों नहीं रहा है?
परब पर तो दुश्मन की जान लेने का जुनून सवार था-
वह भला क्यों कूदता?
ट्रक पुल की रेलिंग से टकराया, और इस टक्कर से हुए धमाके ने विकट के शरीर को बाहर उछाल दिया और परब का झुलसता हुआ घायल शरीर पुल के तारों से टकराता हुआ-

पानी की गहराइयों में जा गिरा-

इस दृश्य ने ध्रुव के दिलो-दिमाग को हिला दिया-

ओफ़! मैं परब को नहीं बचा सका! मैं यहां पर देर से क्यों पहुंचा? क्यों? क्यों?

आहा! ध्रुव के दिमाग पर शॉक हॉवी हो रहा है! इसका दिमाग जवाब दे रहा है! अब ये चकराकर गिर जाएगा!

बड़ाऽऽऽम
लेकिन एक बार फिर दो हाथों ने ध्रुव को मौत के हाथों से दूर खींच लिया-
इस बार ये हाथ चंडिका के थे-
ओह! अच्छा किया जो मैं मम्मी का दिल रखने के लिए ध्रुव के पीछे-पीछे चली आई! मम्मी का दिल एकदम सही कह रहा था!
पर ये हुआ कैसे? भइया एकाएक बेहोश होकर गिर कैसे गया? क्या सचमुच परख की मौत देखकर इसके दिमाग को शॉक लगा है!
अब मैं इसको इस हालत में छोड़कर परख को ढूंढ़ने के लिए भी तो नहीं जा सकती! ध्रुव को जल्दी से जल्दी अस्पताल पहुंचाना बहुत जरूरी है!
अस्पताल में-
वही हुआ जिसका मुझे डर था! ध्रुव कोमा में चला गया है!
व्हाट!
व्हाट आर यू सेइंग डॉक्टर सलमानी?
एक मिनट! एक मिनट! ये कोमा शॉक के कारण है! किसी बीमारी के कारण नहीं है!
ध्रुव के जल्दी ही होश में आ जाने की पूरी-पूरी संभावना है! लेकिन इस बार मैं इसको अपनी निगरानी में रखूंगा! मैं चौबीसों घंटे यहीं पर रहूंगा!
ठीक है! आप ध्रुव पर नजर रखिए और मैं उनको पकड़ता हूं जिन्होंने ध्रुव को इस हाल में पहुंचाया है! अगर मैं ऐसा न कर पाया तो लानत है मेरे पुलिस कमिश्नर होने पर!
ये काम इतना आसान नहीं है पापा! क्योंकि ध्रुव भइया पर हमला करने वाला एक शख्स तो भाग चुका है, और दूसरा इतनी बुरी तरह से झुलस गया है कि अगर वह बच भी गया तो कम से कम एक महीने बाद कुछ बता पाएगा!
मैं कोई न कोई रास्ता ढूंढ़ ही निकालूंगा श्वेता! हम पुलिस वाले छानबीन के एक नहीं कई तरीके जानते हैं!

फिर भी मुझे शक है कि पुलिस उस चालाक मुजरिम तक पहुंच पाएगी, जिसने बगैर सामने आए ही भइया को इस हालत में पहुंचा दिया! उसको तो चंडिका को ही ढूंढना पड़ेगा! अपने तरीके से!
पुलिस हैडक्वार्टर में- कुछ समय बाद-
कात्रे! मुझे इस शहर और इसके आसपास के हर ड्रग डीलर की फाइल चाहिए! क्योंकि उनमें से एक ध्रुव का हमलावर है! और ये मुझे दस मिनट के अंदर चाहिए!
ओ. के. सर! पांच मिनट में पहुंचा दूंगा! पर ये लोग आपसे मिलने के लिए एक घंटे से इंतजार कर रहे हैं!
कौन हैं ये लोग?
ये परब के मां-बाप हैं!
मिस्टर और मिसेज घोष!
हम अपने बच्चे के बारे में जानने के लिए आए हैं कमिश्नर साहब! उसकी कोई खबर मिली?
आई एम सॉरी, घोष साहब! हमारे गोताखोरों ने वहां की नदी का चप्पा-चप्पा ढूंढ लिया है! हमको वहां पर कोई जिन्दा इंसान या लाश नहीं मिली है!
वहां पर पानी का बहाव बहुत तेज है! हो सकता है कि परब बहकर कहीं और जा पहुंचा हो! एक दो दिन इंतजार कीजिए! कोई न कोई खबर जरूर मिलेगी!
जरूर मिलेगी! उसकी मौत की खबर मिलेगी! सुबुक! परब को तो तैरना भी नहीं आता था! अब मुझे मेरे बच्चे की लाश तक नहीं मिलेगी!
शुभ-शुभ बोलो सुपर्णा! हमारा बच्चा जिन्दा है! वह हमको जीता-जागता मिलेगा! मेरा दिल कह रहा है!
आओ चलें!
भगवान करे आपके मुंह से इस वक्त निकला हुआ एक-एक शब्द सच हो मिस्टर घोष!

अपराध जगत में खुशी की लहर दौड़ गई थी-
कमाल हो गया! साइकोलोजिस्ट तो सबका बाप निकला! सुपर कमांडो ध्रुव जैसे सुपर हीरो को कोमा में पहुंचा दिया!
हमारे धंधे का तो वह भगवान बन गया है!
पर अब वह करेगा क्या?
वह बड़े-बड़े अपराध करेगा और हम बेखटके छोटे-छोटे अपराध! अगर वह बैंकों को लूटेगा तो हम बैंक से पैसा निकालकर आने वालों को!
पर अगर इंस्पेक्टर स्टील आ धमका तो फिर हम क्या करेंगे?
अरे तूने सुना नहीं! पिछले दिनों स्टील एक ब्लास्ट में घायल हो गया था! अभी उसको रिपेयर किया जा रहा है! और उसमें कम से कम तीन या चार दिन तो लगेंगे ही!
और वह भी एक साथ सब जगहों पर तो पहुंच नहीं सकता! अब तो एक साथ दस-दस जगहों पर लूट होगी!
श श श! एक शिकार आ रहा है!
तो बेखटके लूट! ध्रुव, स्टील हैं नहीं और पुलिस वाले इन गलियों में झांकते तक नहीं!
ही ही हा हा हा! माल निकालेगा या अंतड़ियां निकलवाएगा! फटाफट बता!
बचाओ!
मत चिल्ला! चिल्लाने से कुछ नहीं होगा! बस तेरा गला बैठ जाएगा! वैसे भी अभी ही तेरे गले से लड़कियों जैसी आवाज निकल रही है!...
मैं अपनी तरफ से नहीं...
...तुम लोगों की तरफ से 'बचाओ-बचाओ' चिल्ला रही थी! क्योंकि अगर तुमने मुझे संतोष-जनक जवाब न दिए तो तुम दोनों यही चिल्लाते नजर आओगे!
ये... ये तो चंडिका है! ध्रुव की सहयोगी!
अरे! ये बी ग्रेड क्राइम फाइटर भला हमारा क्या बिगाड़ेगी! बिगाड़ेंगे तो हम! इसका थोबड़ा!
थैंक्यू! मुझे तुम लोगों से इसी हरकत की उम्मीद थी! अगर तुम लोग ऐसा न करते...

...तो मेरे दिल के अंदर जो तुम लोगों की धुनाई करने की इच्छा है वह अधूरी रह जाती।
आईईई! आखिर तू चाहती क्या है? हमने तो किसी को लूटा तक नहीं! तुझे लूटने की बस कोशिश की थी।
अब तू एक और कोशिश कर ले!
मुझे ये बता दे कि ध्रुव पर हमले के पीछे किसका हाथ है!
ये हमें क्या पता? हम तो मामूली गुंडे हैं!
ऐसी बातें मामूली गुंडों को सबसे पहले पता चलती हैं। जब अंडरवर्ल्ड में ऐसी कोई बड़ी बात होती है तो वह खबर तुम जैसे कीड़ों के जरिए ही चारों तरफ फैलती है!
डरा मत! हमको पता है कि तुम जैसे क्राइम फाइटर ऐसी बातें करके सिर्फ हमें डराते हैं!
बता! वर्ना जिन्दगी भर एक टांग पर चलना पड़ेगा!
मैं... मैंने भी यही सुना है।
गलत सुना है तूने!
आईईईईई
अब तू बता!
क्या तूने भी वही सुना है जो तेरे साथी ने सुना है?
साइकॉलोजिस्ट! उसी... उसी ने हमला किया है ध्रुव पर!
कहां मिलेगा वह कमीना?
हम नहीं जानते! क्योंकि हम ड्रग का धंधा नहीं करते! वैसे हर ड्रग डीलर उसका पता जानता है।
किसी ड्रग डीलर को ढूंढ़ कर साइकोलोजिस्ट तक ये खबर पहुंचा देना कि चंडिका उसको ढूंढ़ रही है!

साइकॉलोजिस्ट को चंड़िका के अलावा, दूसरे लोग भी ढूंढ़ रहे थे-
खटट्
अजी सुनते हो! उठो! मुझे लगता है कि कोई आया था! जरूर पूरब आया होगा! मेरा बेटा आया था!
यहां पर तो कोई नहीं है, भाग्यवान! तुम उसके बारे में सोचती सोचती सो गई थी! इसीलिए तुमको ऐसा लग रहा है!
न जाने हमारा बेटा कहां है? किस हाल में है?
"जिन्दा भी है या नहीं-"
"मुझे तो ऐसा लग रहा है कि अब हम उसे जिन्दा तो क्या...!"

"... उसकी लाश तक नहीं देख पाएंगे-"

इसी वक्त- कहीं और-
और तेज भाग! अगर हम ये खबर साइकॉलोजिस्ट जैसे सुपर क्रिमिनल तक टाइम से पहुंचा दें तो हमको बड़ा इनाम मिल सकता है!
भाग तो रहा हूं यार! पर चरस पी-पीकर फेफड़ों का दम निकल गया है! हफ! पर कोई बात नहीं! अब तो हम... पहुंच ही गए हैं!
ATEL MARC
आ रे लोट्या, पोट्या! माल लेने आएला है! जरूर कोई मोटा मुर्गा हलाल किएला है! चल नोट निकाल, माल ले और फूट ले!
आज नोट देने नहीं, लेने हैं भाई!
DRYCLE
24 HOURS OP N
पिएला है क्या? किस बात के नोट!
एक जरूरी खबर है! साइकॉलोजिस्ट तक पहुंचानी है!
ये दोनों ड्राइ क्लीनिंग की दुकान पर क्या कर रहे हैं? अपने कपड़े तो इन्होंने शायद कई सालों में धुलवाए हों! कुछ और चक्कर है! ड्राइ-क्लीनिंग वाला इनको भगा रहा है!
इस दुकान की जांच करनी होगी!
ELITE DRYCLEANER

क्या हुआ बेग भाई ? लोट्र्यां, पोट्र्या क्या बताने आए थे ?
अरे बेकार की खबर थी। और दोनों ऐसी खबर के लिए पांच हजार मांग रहे थे। मैंने पांच हजार जूतों की धमकी देकर भगा दिया ०#☆*... को!
अब बंद करो दुकान!
पर क्यों भाई ? हमारे पास तो चौबीसों घंटे दुकान खोले रखने का परमिट है!
कहा न बंद कर दे! ज्यादा पूछने का नहीं!
कुछ गड़बड़ जरूर है। आम-तौर से ड्राइक्लीनिंग की दुकानें चौबीसों घंटे खुली नहीं रहतीं। इनकी '24 घंटों' की सर्विस के पीछे जरूर कुछ राज है।
पर क्या ? ड्राइक्लीनिंग का साइकॉलोजिस्ट या अपराध से भला क्या संबंध हो सकता है!
यहां तो सिर्फ गंदे कपड़े हैं और या फिर धुले हुए कपड़े। न बारूद है न गोली और न ही बंदूकें! फिर ?... अरे! इस धुले कोट की जेब में कुछ है!
ओ माई गॉड! ये... ये तो एक पैकेट है! सफेद पाउडर से भरा पैकेट! और मैं शर्त लगाकर कह सकती हूं कि ये सफेद पाउडर हेरोइन या कोकीन है!
अब मैं समझी इस दुकान का राज! कपड़े धुलवाने के बहाने कपड़े दो और फिर नशीली चीजों से भरी जेबों वाले कपड़े ले जाओ! किसी को शक भी नहीं होगा!
यानी तू हमारा धंधा समझ गई है ?

हम धुलाई करते हैं! हमारे यहां जो कुछ भी आता है हम उसकी धुलाई और सफाई करके ही भेजते हैं!
धुलाई करना तो महिलाओं का काम है! मुझे पता था कि मेरा उन दोनों गुंडों का पीछा करना काम आएगा! वे दोनों मेरे तुम्हारे पीछे पड़ने की खबर को तुम तक जरूर पहुंचाएंगे!
और उसके बाद मैं तुम सबको वाश भी करूंगी 'रिंस' भी करूंगी और निचोड़कर सुखा भी दूंगी!
गुड! गुड! फिर तो मजा आएगा! हम तो पोट्या-लोट्या की खबर सुनते ही समझ गए थे कि यह खबर उनको खास हम तक पहुंचाने के लिए ही सुनाई गई है! और उनके जाते ही खबर देने वाला हमारे सामने आ जाएगा!
और फिर हम इसको तार पर डालकर सूखने के लिए टांग देंगे!
खत्म कर दो इसको! ध्रुव के साथ ही इसकी कहानी भी खत्म हो जानी चाहिए!

ये तुम लोगों ने बहुत अच्छा निर्णय लिया! वर्ना बड़ा समय खराब होता! पहले मुझे तुमसे पूछना पड़ता! तुम बताते नहीं! फिर मैं तुमको मारती! लेकिन तुमने वह पूछताछ का समय बचा दिया!
इतना समय बचाकर क्या करेगी चंडिका! तेरे पास तो वैसे ही वक्त बहुत कम बचा है!
यही बात तुम मुझसे तब कहकर दिखाना...
...जब तुम लोगों के हाथों में ये बंदूकें न हों!

ओह! मैं तो भूल ही गई, अब तो तुम तभी बोल पाओगे जब होश में आओगे!
बस बहुत हो गई तेरी उछल-कूद! अब अपने बदन को छलनी होता हुआ देख!
आऽऽऽह!
अब तो छुपने की जगह भी नहीं बची है!
ये स्टीम आयरन मुझे बचा सकते हैं!
अब चंडिका के दोनों हाथों में गोलियों से बचने के लिए एक-एक ढाल थी—
ठन्न
टन्न
आ आ! और पास आ!
ताकि मेरा निशाना और सटीक लग सके!

मैं तेरे पास इसलिए नहीं आ रही हूं कि तेरा निशाना सही लग सके! मैं तो इसलिए तेरे पास आ रही हूं...
...ताकि मेरा निशाना सही लग सके!
आ ssssssss
जब तेरी मौत आएगी तब तू अपने आप साइकॉलोजिस्ट के सामने पहुंच जाएगी!
वैसे तो इस पाइप से हमारी स्टीम प्रेस में प्रेस करने के लिए भाप भेजी जाती है।
अब सिर्फ तुम दो बचे हो। अब तो मान जाओ! सब बेहोश हो जाओगे तो साइकॉलोजिस्ट तक मुझको कौन लेकर जाएगा!
हिस्स्स्स्स्स
लेकिन फिलहाल ये तुझको उबालने के काम में आएगी।
उबले आलू के छिलके की तरह तेरे बदन से खाल अलग हो जाएगी!
आहह! ये तो सचमुच मुझको उबाल देगा!

आऽऽऽह! ये भाप तो मुझे इस तक पहुंचने ही नहीं दे रही है! ... और अब तो इसकी गर्मी मेरी पोशाक को चीरकर मेरी त्वचा तक पहुंच रही है! छाले पड़ रहे हैं!
हा हा हा! मजा आ गया! अब बॉस के सामने मैं उबली चंडिका की लाश पेश करूंगा!

आऽऽऽह!

ये तो पिटते ही जा रहे हैं! अगर ये सारे के सारे सचमुच पिटकर बेहोश हो गए तो मुझे साइकॉलोजिस्ट तक कौन पहुंचाएगा!
अपना मकसद पूरा करने के लिए मुझको इस आखिरी गुंडे से पिटना होगा! जान बूझकर!

चंडिका को यह चाल मंहगी पड़ने वाली थी-
ये मुझ पर कैन फेंक रहा है! पर इतने हल्के वार से चंडिका जानबूझकर भी बेहोश नहीं हो सकती!
कैन के टुकड़े तो हो गए! लेकिन उसमें भरा तरल पदार्थ चंडिका को भिगोता चला गया-

अब चंडिका बेग की उस उंगली के रहमोकरम पर थी, जो बंदूक के ट्रिगर पर दबी हुई थी-
अब बचने की कोशिश करने से भी कोई फायदा नहीं होने वाला है चंडिका!
तुम उस लिक्विड में भीग चुकी हो जिसे कपड़े साफ करने के काम में लाया जाता है! और पेट्रोल मिश्रित ये रसायन अत्यधिक ज्वलनशील है!
हाईली इनफ्लेमेबल!
अब पहले तेरी चिता जलेगी और फिर तू मरेगी!
गोली, चंडिका की तरफ लपकी-
लेकिन उसको बीच में ही रुक जाना पड़ा-
ये... ये कपड़ों की गठरी किसने फेंकी?
मैंने!
आऽऽऽह! इतना जोरदार घूंसा तो मैंने इस जन्म में तो क्या, अपने अगले-पिछले जन्म मिलाकर भी नहीं खाया होगा!

तू है कौन जिसने हाथ की जगह हथौड़े फिट करा रखे हैं ?
आSSSह!
ऐंजिल। राजनगर का फरिश्ता! इस शहर को इस देश को और इस समाज को साइकोलोजिस्ट जैसे शैतानों से बचाने के लिए आया हूं मैं।
ओSSSS! एक नया सुपर हीरो! हाऊ एक्साइटिंग!
समझा! तो तू एक सुपर हीरो है! पर तू चाहता क्या है? क्या तू भी सुपर हीरो ध्रुव के बगल वाले बिस्तर पर लेटकर मौत का इंतजार करना चाहता है?
मैं तुमको उस मौत से बचाना चाहता हूं जो मेरे सवाल का जवाब न मिलने पर तुम्हारे पास जरूर आएगी!
बताओ! कहां पर मिलेगा तुम्हारा मालिक साइकोलोजिस्ट!

बस! बहुत सुन ली बेग ने तुम सबकी चांय-चांय! अब बेग तुम दोनों को एक साथ मौत देगा! और वह भी अकेले!
तू जूडो कराटे का उस्ताद जरूर लगता है, सेंजिल बच्चे, पर मैं भी टेंथ डिग्री ब्लैक बेल्ट हूं! और मेरे पास एक चीज और है, जो मुझे तुम दोनों की गर्दनें मरोड़ने में मदद करेगी।
और वह है कोकीन! जो खून के जरिए दिमाग तक पहुंचते ही पूरे बदन में करेंट दौड़ा देती है!
सूंsssss आहा!
सूंsssss
... और फिर वह कोकीन करेंट बड़े-बड़े सुपर हीरो को जमीन चटा देती है!
आsss ह!
ये बेग तो वाकई मार्शल कला का उस्ताद है!
और कोकीन से मिली ताकत के कारण इसके हर वार में हड्डियों को चूर-चूर करने की ताकत है!
लेकिन मेरा अपनी हड्डियां तुड़वाने का इरादा बिल्कुल भी नहीं है!
अरे! ये कोट!

कमाल है! इस नए सुपर हीरो ऐंजिल की स्टाइल तो बिल्कुल ध्रुव से मिलती-जुलती है! यह भी मौके पर मौजूद चीजों को ही अपना हथियार बना लेता है!
अभी इसने जिस तरह से कोट में बेग के हाथों को फंसाकर उसको बेबस किया है, ऐसा आइडिया तो सिर्फ ध्रुव के दिमाग में ही आता है!
अब तुम बेबस हो और भागने के रास्ते बंद हैं! अब बोलो! बताओगे साइकॉलोजिस्ट का पता?
अभी एक सेकंड बाद न तुम मुझको रोकने की स्थिति में रहोगे, ऐंजिल और न ही चंडिका!...
टचक
... क्योंकि चंडिका अभी भी पेट्रोल मिश्रित रसायनों में भीगी हुई है!
अब सोच ले ऐंजिल! तू चंडिका को बचाएगा या मुझे पकड़ेगा!
और बेग के पैरों की गति के बीच में था-
अब मुकाबला ऐंजिल के दिमाग की स्पीड-
ये मोटा परदा चंडिका को अपने अंदर ढककर इसकी जलती पोशाक का संपर्क वायु-मंडल की ऑक्सीजन से काट देगा।
वाऊ! ये तो सोचता भी ध्रुव की तरह ही है!

अब बोल बेग! जितनी देर में मैंने चंडिका के शरीर पर लगी आग बुझा दी, उतनी देर में तो तू तीन कदम भी नहीं रख पाया!
तूने अपनी मौत को रोक लिया है रेंजिल!
अब चंडिका भी जलेगी और तू भी जलेगा!
जानता है ड्रग के धंधे में आने से पहले मैं मेलों में 'फायर ईटर' के नाम से मशहूर था।
तेरा नाम चाहे जो भी रहा हो, पर अब तो तू साइकॉलोजिस्ट के चमचे के नाम से ही जाना जाएगा!
अब भी वक्त है! बता दे साइकॉलोजिस्ट का ठिकाना!
बड़ा मूर्ख है तू! बेग 'फायर ईटर' है! मैं आग को पी जाता हूं! और जो आदमी अपने पेट में आग को रख सकता है, वह अपने बॉस की जानकारी को भला कैसे उगलेगा!
आssssह!
INFLAMMABL
इसकी आग की लपट मुझे इस तक पहुंचने नहीं देगी! और अगर एक बार ये दरवाजे तक पहुंच गया, तो दरवाजे को बाहर से बंद करके भाग जाएगा!
इसको वापस खींचना होगा!
रेंजिल का ध्यान भटका-
आssssह!
और आग की फुहार ने उसकी पोशाक को दहका दिया-

हा हा हा ! देखा ! तूने शायद इसीलिए मुझको भागने से रोका था, क्योंकि तुझको इस दुनिया से भागना था ! मेरी लात खाकर ! बड़ा आया था सुपर हीरो बनने ! अब मर !

मैंने ये आग जान बूझ कर लगवाई थी, वेग !

ताकि तू भागना छोड़कर अपने आप मेरे पास आ जाए ! चंडिका, मेरे शरीर को भी परदे में लपेटकर आग बुझा दो !

अभी लो, सुपर हीरो।

और तब तक तू मुझको साइकॉलोजिस्ट का पता बता !

कभी नहीं ! तू मेरी जान ले सकता है पर मुझसे बॉस का ठिकाना नहीं जान सकता है !

ये तो गधे की तरह अड़ गया है !

नहीं! रोको इसे! मुझे चक्कर आ रहे हैं! दम घुट रहा है!

जब अपने बॉस का ठिकाना याद आ जाए तो बता देना! मैं एक मिनट में तीन सौ चक्कर काटने वाले इस टम्बलर को बंद कर दूंगा!

बता दूंगा! सब बता दूंगा! मुझे बाहर निकालो! मुझे गोल घूमने वाली चीजों से बहुत डर लगता है! वैक sss

मैं तो आज तक किसी झूले पर भी नहीं बैठा! मुझे बाहर निकालो! निकालो!

वैक sss डकार! आऽsssह!

साइकॉलोजिस्ट तुमको लो की बॉर्डर पर बने अपने फार्म हाउस पर मिलेगा!

फॉर्म हाउस का नाम 'हैवन' है! वैक ssss

गुड! इन सबको पुलिस स्टेशन पहुंचा देना!

चंडिका! मैं साइकॉलोजिस्ट का इलाज करने जा रहा हूं!

हम खुद पुलिस स्टेशन चले जाएंगे! अब तो बस वहीं पर हमारी जानें बच सकती हैं! क्योंकि साइकॉलोजिस्ट तो अब हमको जिन्दा छोड़ने वाला नहीं है!

कमाल है! ये संयोग नहीं हो सकता! एंजिल तो बिल्कुल ध्रुव की स्टाइल में काम करता है!

मुझे कुछ शक हो रहा है! मैं अभी डॉक्टर सलमानी को फोन करती हूं!

डॉक्टर सलमानी! मैं चंड... मेरा मतलब श्वेता बोल रही हूं! ध्रुव की बहन!
हां, श्वेता! कहो! क्या बात है?
व्हाट! ये तुम क्या कह रही हो? ध्रुव भला कहीं और कैसे हो सकता है! वह तो कोमा में है!
एक नर्स चौबीसों घंटे उसके साथ रहती है! पर... पर... यस!
तुमको पक्का यकीन है कि ध्रुव वहां पर आया था! ओ गॉड! मैं अभी जाकर देखता हूं!
सिस्टर! सिस्टर! क्या ध्रुव कहीं बाहर गया... ओ!
ध्रुव कहीं कैसे जाएगा? एक घंटे के लिए मेरी आंख जरूर लग गई थी, पर ध्रुव पहले भी यहीं पर था, और अभी भी यहीं पर है!
आप जरूर मेरी चेकिंग कर रहे हैं!
तुमको कुछ गलत फहमी हुई है, श्वेता!

ध्रुव तो यहीं पर है! मेरी आँखों के सामने! कोमा में!
ओ. के. डॉक्टर! एंड सॉरी!
अगर ध्रुव, एंजिल नहीं है तो एंजिल है कौन? कौन है ये नया सुपर हीरो!
जब मैं साइकॉलोजिस्ट के अड्डे पर उससे मिलूंगी तो सबसे पहला सवाल यही पूछूंगी कि वह कौन है?
और वहां से थोड़ी दूर पर-
कौन है ये नया सुपर हीरो एंजिल जिसने मेरे बेग जैसे आदमी को जुबान खोलने पर मजबूर कर दिया!
और अब तू कह रहा है कि वह यहां पर आ रहा है!
हां, डॉक्टर! हमने जिस आदमी को बेग पर नजर रखने का काम दिया था, उसने अभी-अभी फोन पर यही इंफार्मेशन दी है!
तो फिर आने दो इस नए सुपर हीरो को! उसका क्राइम कैरियर साइकॉलोजिस्ट के कारण शुरू हुआ है तो फिर खत्म भी साइकॉलोजिस्ट के कारण ही होगा!

तू धैर्य खो चुका है भोकाल! तू सत्य छोड़ चुका है! तूने अपना धर्म भी गंवाया है।...
...तुझमें सामर्थ्य भी बाकी नहीं रहा। अब तू पृथ्वी पर रहने लायक नहीं रहा इसलिए...
मूल्य: 20/-
5 अक्टूबर 2004 से उपलब्ध
पृथ्वी छोड़ भोकाल
राज कॉमिक्स में तंत्र व तलवार के धनी भोकाल का रोमांचक विशेषांक

किसे मारे किसे छोड़ें? जब सारे फैसले पांसा करेगा तो पुलिस क्या करेगी, कानून क्या करेगा। डोगा तू क्या करेगा?

राज कॉमिक्स में रात के रक्षक डोगा का रोमांचक कॉमिक विशेषांक

हा हा हा! भुला दी है साइकॉलोजिस्ट ने ध्रुव की याददाश्त।
दिमाग के इस्तेमाल के साथ ये लड़ने की कला भी भूल चुका है।
अब इसको या तो भगवान बचा सकता है या फिर भगवान का भेजा हुआ...
by अनुपम
मूल्यः 20/-
5 नवम्बर 2004 से उपलब्ध
फरिश्ता
राजनगर के रक्षक को आज खुद एक रक्षक की जरूरत पड़ गई है। अब कैसे वापस आएगी, ध्रुव की याददाश्त और कैसे खत्म होगा साइकॉलोजिस्ट का आतंकराज? इंतजार कीजिए फरिश्ते के राज को खोलने वाले इस होश उड़ाने वाले राज कॉमिक्स विशेषांक का।

क्या रोक पाएगी नागराज की शक्तियां इस धधकती आग को? इंतजार कीजिए राज कॉमिक्स में दिल दिमाग को सुलगा देने वाले इस गर्मागर्म विशेषांक का जो शीघ्र आ रहा है।

ये हो क्या रहा है। मानवों का आगे बढ़ता विकास एकाएक पीछे जा रहा है तेजी से।
ये प्राकृतिक हादसा है या कोई शैतानी षड्यंत्र?
बंदर से इंसान बना मानव फिर से बंदर बन रहा है।
और पूरी दुनिया की बाकी प्रजातियों का भी यही हाल है।
सन् 2005 में प्रकाशित
पृष्ठ संख्या : 128
विकास की दिशा पीछे जा रही है। और ब्रह्माण्ड रक्षक भी इससे बच नहीं सके हैं। क्या यही है इस दुनिया की प्रगति का अंत? या ब्रह्माण्ड रक्षक इस प्रलय का रुख मोड़ देंगे? एक अंजान और खतरनाक दुश्मन से होगी शक्तिशाली ब्रह्माण्ड रक्षको की खौफनाक मुठभेड़! और इस मुठभेड़ का रोमांचक हल लेकर आया है राज कॉमिक्स का सुपर विशेषांक...
चक्र